**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक : **01.03.2025** समय : **07.10PM**

**मुख्य समाचार :–**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा हम कृषि क्षेत्र के विकास और गांवों की समृद्धि की तरफ बढ़ रहे हैं।**
- **देशभर में आज से जन औषधि जन चेतना सप्ताह शुरु हुआ।**
- **प्रदेश में बढ़ने लगी गर्मी, 15 मार्च के बाद चल सकती है गर्म हवाए भी।**

**बजट वेबिनार**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कृषि और ग्रामीण समृद्धि पर पोस्ट–बजट वेबिनार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत की ओर बढ़ने का भारत का संकल्प बहुत स्पष्ट है, हम सब मिलकर एक ऐसे भारत के निर्माण की दिशा में काम कर रहे हैं जहां किसान समृद्ध और सशक्त हों। हम कृषि क्षेत्र के विकास और गांवों की समृद्धि की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का बजट हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट था। यह हमारी नीतियों में निरंतरता को दर्शाता है।

**लोकार्पण**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज बालाघाट में कहा कि प्रदेश में उद्योगों के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने आज बालाघाट में 264 करोड़ 42 लाख रुपये की लागत के 78 विकास कार्यो का लोकार्पण और 61 करोड़ 93 लाख रुपये के कार्यो का भूमिपूजन किया । साथ ही उन्होंने यहां 2 हजार 520 दिव्यांगजनों को 2 करोड़ 64 लाख रुपये के सहायक उपकरण भी वितरित किये। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बालाघाट में हॉकी के खिलाड़ियों को एस्ट्रोटर्फ की भी सौगात दी जा रही है। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि देश भर में सबसे अच्छी शूटिंग रेंज मध्यप्रदेश में ही है।

**वैचारिक समागम**

उज्जैन में विक्रमोत्सव 2025 के तहत न्याय व्यवस्था एक महत्वपूर्ण वैचारिक समागम का आयोजन किया जा रहा है। इस तीन दिवसीय समागम में आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत शामिल हुये। इस समागम में विक्रमादित्यकालीन राजधर्म, न्याय व्यवस्था एवं दंड विधान का स्वरूप सहित न्याय व्यवस्था के भविष्य में नवीन विषय, राष्ट्रीय एकीकरण में महत्व एवं चुनौतियाँ जैसे विषयों पर चर्चा होगी।

**पेंशन योजना**

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि सरकार ने कर्मचारियों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए मिसिंग क्रेडिट की राशि अभिदाताओं के खातों में जमा करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब अशंदायी पेंशन योजना (NPS) में मिसिंग क्रेडिट की राशि अभिदाता के खातों में जमा की जायेगी। उन्होंने बताया है कि अभिदाताओं के खातों में मिसिंग क्रेडिट की राशि जमा करने के लिये आगामी 15 मार्च तक विशेष अभियान चलेगा। गौरतलब है कि राज्य शासन के अधीन सिविल सेवा के पदों पर एक जनवरी 2005 को या उसके बाद नियुक्त होने वाले शासकीय सेवकों पर अंशदायी पेंशन योजना (एनपीएस) लागू है।

**जन चेतना सप्ताह**

देशभर में आज से जन औषधि जन चेतना सप्ताह शुरु हुआ। सात मार्च तक चलने वाले इस सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जायेगा। इस अवसर पर आज नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने सभी लोगों से प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना को एक जन आंदोलन बनाने का आग्रह किया। श्री नड्डा ने कहा कि लोगों को कम दाम पर दवाएं उपलब्ध कराना सरकार का दायित्व है और सरकार ने अपना दायित्व निभाया है।

**कार्यशाला**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे अन्तर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में मध्यप्रदेश राज्य बाल संरक्षण आयोग की एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। बच्चों के शिक्षा के अधिकार, पॉक्सो एवं किशोर न्याय अधिनियम पर आधारित इस कार्यशाला में महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। कार्यशाला में सभी जिलों के महिला बाल विकास, शिक्षा, जनजातीय कल्याण एवं गृह विभाग के अधिकारी, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड एवं सामाजिक संगठनों के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

**सहकारिता बैठक**

सहकारिता एवं खेल मंत्री विश्वास सारंग ने आज जबलपुर में सहकारिता विभाग से संबंधित संभाग स्तरीय बैठक ली। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने में सहकारिता विभाग अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि एम–पैक्स से ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। श्री सारंग ने कहा कि देश में पहली बार ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में सहकारिता क्षेत्र में 2 हजार 305 करोड़ से अधिक के एमओयू हुये है।

**रमजान**

पवित्र माह रमजान की शुरूआत कल से होने जा रही हैं। प्रदेश में रमजान महीने को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। रविवार को मुस्लिम समुदाय के लोग पहला रोजा रखेंगे जबकि आज शाम को विशेष नमाज तरावीह शुरू हो जाएगी।

**मौसम**

प्रदेश में दिन के तापमान में बढ़ोत्तरी होने से गर्मी अधिक बढ़ने लगी है। 15 मार्च के बाद हीट वेव यानी, गर्म हवाएं चलने लगेगी। वहीं, दिन और रात का तापमान सामान्य से 2 से 3 डिग्री ज्यादा रहेगा। इस दौरान ग्वालियर–चंबल सबसे गर्म रहेंगे, जबकि भोपाल, इंदौर–उज्जैन में बूंदाबादी के आसार है। मौसम विभाग का कहना है कि मार्च में 5 दिन तक गर्म हवा चलने की संभावना है। 15 मार्च के बाद जब शहरों में पारा 40 डिग्री से अधिक पहुंचेगा, तब गर्म हवा का असर देखने को मिलेगा। होली के बाद दिन के तापमान में और भी बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं प्रदेश में कल से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से पूर्वी–उत्तरी हिस्से यानी, इंदौर, भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर और चंबल संभाग में कहीं–कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

**समाचार संक्षेप**

- औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था धार में 3 मार्च को रोजगार मेला का आयोजन किया जाएंगा।
  - पन्ना जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में 4 मार्च को जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई है।
  - शहडोल जिले में चना मसूर और सरसों उत्पादक किसानों का पंजीयन 10 मार्च तक किया जाएगा।
  - आगरमालवा जिले में कल राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया।
  - खंडवा के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न हुआ।
  - सागर में 8 करोड़ रुपए की लागत के ऑडिटोरियम के निर्माण कार्य का भूमिपूजन उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने किया।
  - नगर पालिका मैहर द्वारा आज आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजनांतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम में राज्य मंत्री राधा सिंह शामिल हुई ।
  - रीवा के प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस में आगामी 3–4 मार्च को दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।
  - वित्तीय साक्षरता सप्ताह के तहत लीड बैंक देवास द्वारा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में शिविर का आयोजन किया गया।
  - मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना में अब सीहोर जिले को भी शामिल कर लिया गया है।
  - राजधानी भोपाल में आने वाले दिनों में विधानसभा का बजट सत्र और अन्य धार्मिक त्यौहार के चलते पुलिस ने कानून व्यवस्था को पुख्ता और व्यवस्थित करने के लिए सख्ती शुरू कर दी है। इसका उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई के आदेश जारी किए गए हैं।
  - गुना कलेक्टर ने आज गोपी कृष्ण सागर बांध का निरीक्षण किया और इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए नवाचार करने के निर्देश दिए।

.....................